# अध्याय – II

## आकाशवाणी के मुख्य कार्यकलाप


| क्रम संख्या | विषय | पैरा संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य कार्य | 2.1.1-2 |
| 2. | संगीत | 2.1.3-4 |
| 3. | ड्रामा | 2.1.5 |
| 4. | संगीत और ड्रामा कलाकारों के लिए स्वर परीक्षण सम्बन्धी निकाय | 2.1.6-11 |
| 5. | उच्चरित शब्द | 2.1.12 |
| 6. | न्यूज कास्ट्स | 2.1.13-14 |
| 7. | महिला और बाल कार्यक्रम | 2.1.15-16 |
| 8. | ग्रामीण और फार्म कार्यक्रम | 2.1.17-18 |
| 9. | खेल-कूद कार्यक्रम | 2.1.19-24 |
| 10. | रूपक | 2.1.25-26 |
| 11. | सामुदायिक गान | 2.1.27-28 |
| 12. | अन्य कार्यक्रम | 2.1.29 |
| 13. | विविध भारती | 2.1.30-32 |
| 14. | विज्ञापन प्रसारण सेवा | 2.1.33-35 |
| 15. | विज्ञापन प्रसारण सेवा - प्राइमरी चैनल फेज-I | 2.1.36 |
| 16. | विज्ञापन प्रसारण सेवा - प्राइमरी चैनल फेज-II | 2.1.37-40 |
| 17. | आकाशवाणी और दूरदर्शन विज्ञापन राजस्व अव्ययनीय निधि | 2.1.41-43 |
| 18. | प्रस्तुतकर्ता (अवकाश प्राप्त) आकाशवाणी | 2.1.44 |
| 19. | समाचार एजेंसियों को भुगतान | 2.1.45 |
| 20. | आकाशवाणी केन्द्रों का इन्सेट आधारितरेडियो नेटवर्क | 2.1.46 |
| 21. | रेडियो पत्रिकाएं | 2.1.47 |
| 22. | सलाहकार समितियां | 2.1.48 |
| 23. | आकाशवाणी वार्षिक पुरस्कार | 2.1.49 |
| 24. | आकाशवाणी की भाषा सम्बन्धी नीतियां | 2.1.50 |
| 25. | अति प्रतिष्ठित व्यक्तियों की मृत्यु के दौरान कार्यक्रम प्रबन्ध सम्बन्धी नीति | 2.1.51 |
| 26. | भाषाएं और बोलियां, जिनमें केन्द्रों से कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं | 2.1.52 |

**अनुलग्नक**

i. भाषाएं और बोलियां, जिनमें कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं

## CHAPTER II

### Broad Activities of All India Radio



| Sl. No. | Subject | Paras |
|---|---|---|
| 1. | Main Functions | 2.1.1-2 |
| 2. | Music | 2.1.3-4 |
| 3. | Drama | 2.1.5 |
| 4. | Auditioning Bodies for Music and Drama Artists | 2.1.6-11 |
| 5. | Spokenword | 2.1.12 |
| 6. | Newscasts | 2.1.13-14 |
| 7. | Programme for Women & Children | 2.1.15-16 |
| 8. | Rural & Farm Programmes | 2.1.17-18 |
| 9. | Sports Programmes | 2.1.19-24 |
| 10. | Features | 2.1.25-26 |
| 11. | Community Singing | 2.1.27-28 |
| 12. | Other Programmes | 2.1.29 |
| 13. | Vividh Bharati | 2.1.30-32 |
| 14. | Commercial Broadcasting Service | 2.1.33-35 |
| 15. | CBS — Primary Channel Phase I | 2.1.36 |
| 16. | CBS — Primary Channel Phase II | 2.1.37-40 |
| 17. | Akashvani & Doordarshan Commercial Revenue Non-Lapsable Fund | 2.1.41-43 |
| 18. | Producer (Emeritus) AIR | 2.1.44 |
| 19. | Payment to News Agencies | 2.1.45 |
| 20. | INSAT-Based Radio networking of AIR Stations | 2.1.46 |
| 21. | Radio Journals | 2.1.47 |
| 22. | Advisory Committees | 2.1.48 |
| 23. | Akashvani Annual Awards | 2.1.49 |
| 24. | Language Policies of AIR | 2.1.50 |
| 25. | Policy Regarding Programme Arrangement During Death of High Dignitaries | 2.1.51 |
| 26. | Languages & Dialects in which Programmes are Broadcast from Stations. | 2.1.52 |

*Annexure*

| | | |
|---|---|---|
| I. | Languages & Dialects in which Programmes are Broadcast | |

# अध्याय-II

# आकाशवाणी के मुख्य कार्यकलाप

## 2.1.1. मुख्य कार्य

आकाशवाणी का मुख्य कार्य समूचे देश के श्रोताओं के लिए कार्यक्रमों की योजना बनाना, उसे प्रस्तुत करना, तथा प्रसारण करना है। इन प्रसारणों में समाचारों और करेन्ट अफेयर्स के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में मनोरंजन, सूचनाप्रद तथा शैक्षिक कार्यक्रम शामिल होते हैं जिनका उद्देश्य विकास संबंधी जानकारी प्रदान करना है। आकाशवाणी केन्द्रों द्वारा प्रसारित किए जाने वाले कार्यक्रमों को निम्नप्रकार से बांटा जा सकता है:

i) दिल्ली से प्रसारित होने वाले राष्ट्रीय महत्व के समाचार और कार्यक्रम।
ii) अलग-अलग केन्द्रों से क्षेत्री सेवा, जो अपने-अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं और रुचि को पूरा करती है।
iii) स्थानीय रेडियो सेवा।
iv) विदेशों में श्रोताओं के लिए कार्यक्रम।
v) विज्ञापन प्रसारण सेवा।

**2.1.2.** आकाशवाणी नेटवर्क से प्रसारित होने वाले मुख्य विषय हैं: संगीत, वार्ताएं, विचार, गोष्ठियां, भेंटवार्ताएं, समाचार, नाटक, रूपक और वृत्तचित्र, शैक्षणिक प्रसारण, विशिष्ट समूहों के लिए सेवाएं (ग्रामीण श्रोतागण, औद्योगिक कर्मकार, महिलाएं, बच्चे, युवक, सशस्त्र सेनाएं, आदिवासी लोग आदि) और बाह्य प्रसारण। देश के विभिन्न भागों में स्थित 91 प्रसारण केन्द्रों के नेटवर्क के जरिए आकाशवाणी प्रचालन में है। देश की कुल जनसंख्या का लगभग 90 प्रतिशत द्वारा भरोसेमंद मीडियम वेव सेवा का लाभ उठाया जा रहा है।

## 2.1.3. संगीत

आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित होने वाले कुल कार्यक्रमों का 39.22 प्रतिशत संगीत कार्यक्रम होता है। अपने क्षेत्र में चलनसार संगीत को प्रसारित करने के अतिरिक्त आकाशवाणी केन्द्र अन्य क्षेत्रों से भी कलाकारों को उधार पर लाते हैं। इसके अतिरिक्त रिकार्डिंग की अदला-बदली भी की जाती है ताकि प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्रीय अखण्डता और आपसी मेल-मिलाप के हित में दूसरे क्षेत्रों के संगीत का प्रसारण किया जा सके।

**2.1.4.** धार्मिक कार्यक्रम संगीत कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण भाग है। हिन्दुस्तानी और कर्नाटक दोनों शैलियों के प्रतिभाशाली कलाकारों का प्रत्येक शनिवार को दिल्ली से संगीत प्रसारण का साप्ताहिक कार्यक्रम प्रसारित किया जाता है जिसे आकाशवाणी के अन्य केन्द्र भी रिले करते हैं। आकाशवाणी वर्ष में एक बार साप्ताहिक संगीत समारोह (रेडियो संगीत सम्मेलन) आयोजित किया जाता है जिससे श्रोताओं को देश के प्रतिभाशाली वाद्य संगीतज्ञों और कंठ संगीतज्ञों की कला का आनन्द लेने का अवसर मिलता है। आकाशवाणी राष्ट्रीय वाद्य-वृन्द (वाद्य-मण्डल) की स्थापना 1952 में की गई थी, जोकि प्रतिभाशाली कलाकारों की देख-रेख में कार्य कर रहा है। आकाशवाणी के संगीत प्रसारण में पश्चिमी संगीत भी शामिल है जोकि अनेक देशों से प्रसारित किया जाता है।

## 2.1.5. नाटक

**नाटक रेडियो नाटक आकाशवाणी कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह आकाशवाणी के सामान्य कार्यक्रमों तथा विशिष्ट कार्यक्रमों दोनों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। नाटकों का अखिल भारतीय कार्यक्रम 1956 में प्रारम्भ किया गया था तब से इसे समूचे देश में महत्वपूर्ण स्थान मिला हुआ है जिसके माध्यम से एक क्षेत्र के श्रोता सुविचरित और सुव्यवस्थित अनुवाद प्रक्रिया के माध्यम से अन्य क्षेत्रों की सर्वश्रेष्ठ नाटक परम्पराओं की जानकारी प्राप्त करते हैं।**

CHAPTER - II

# BROAD ACTIVITIES OF ALL INDIA RADIO

## 2.1.1. Main Functions :

The main function of AIR is to plan, produce and broadcast programmes to listeners all over the country. These broadcast include a good deal of entertainment, informative and educative programmes intended to aid development, along with news and current affairs. The programmes put out by AIR stations can be divided as follows:

- i) News and programmes of nation-wide interest broadcast from Delhi.
- ii) Regional services from individual stations each catering to the needs and interests of their respective areas.
- iii) Local Radio Service.
- iv) Programmes for listeners in foreign countries.
- v) Commercial Broadcasting Service.

**2.1.2.** The principal ingredients of AIR's programme output are music, talks, interviews and discussions, newscasts, plays, features and documentaries, Educational Broadcasts, services for specific groups (rural listeners, industrial workers, women, children, youth, the Armed Forces, Tribal people etc.) and outside broadcasts. Akashvani operates through a network of 91 broadcasting stations located in different parts of the country. Dependable medium wave service reaches about 90% of the country's population.

## 2.1.3. Music :

Music programmes form 39.22% of the total programmes from AIR Stations. Apart from reflecting the music prevalent in their own region, AIR Stations borrow Artists from other Areas and also have a system of exchanging recordings, so that music of other areas is also presented in each area in the interest of national integration and mutual understanding.

**2.1.4.** Devotional music forms an important part of the music programmes. A weekly National Programme of Music broadcast from Delhi and relayed from other centres of AIR every Saturday, features eminent musicians both of the Hindustani and the Karnatak Schools. Once every year, AIR organises a week long festival of music (Radio Sangeet Sammelan) which provides listeners with the opportunity to enjoy the renderings of noted vocalists and instrumentalists in the country. AIR's National Orchestra (Vadya Vrinda) established in 1952 has been functioning under the guidance of eminent composers and conductors. AIR's musical output also includes Western Music, which is broadcast from several centres.

## 2.1.5. Drama :

Radio Drama is an important ingredient of AIR's programme output and figures both in its general programmes as well as in the programmes for specific groups. The National programme of Plays started in 1956, has given an impetus to Radio Drama throughout the country by enabling listeners in one area to acquaint themselves with the best dramatic traditions of other areas through a carefully arranged process of translation.

## 2.1.6. संगीत और नाटक कलाकारों के स्वर परीक्षण संबंधी निकाय

शास्त्रीय और सुगम शास्त्रीय संगीत कलाकारों का अनुमोदन करने तथा उनको ग्रेड देने तथा हिन्दुस्तानी और कर्नाटक संगीत दोनों के लिए सुगम शास्त्रीय संगीत कलाकारों के ग्रेड में वृद्धि करने के बारे में संगीत स्वर परीक्षण बोर्ड फाइनल स्वर परीक्षण निकाय का कार्य करता है। इसका मुख्यालय आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली में है तथा दो पैनलों, हिन्दुस्तानी संगीत कलाकारों के लिए उत्तरी पैनल तथा कर्नाटक संगीत कलाकारों के लिए दक्षिणी पैनल, में कार्य करता है।

**2.1.7.** आकाशवाणी केन्द्रों में कार्य कर रही स्थानीय स्वर परीक्षण समितियां उन सुगम संगीत कलाकारों के संबंध में अन्तिम स्वर परीक्षण निकाय है जोकि स्थानीय स्वर परीक्षण समिति द्वारा अनुशंसित किए जाते हैं। यदि वे स्वयं उच्च ग्रेड के लिए पेश होते हैं तो उन्हें अन्तिम स्वर परीक्षण संबंधी संगीत स्वर परीक्षण बोर्ड के समक्ष पेश किया जाता है। ये समितियां शास्त्रीय/सुगम शास्त्रीय संगीत कलाकारों के लिए प्राथमिक चयन निकाय भी है। उन शास्त्रीय और सुगम शास्त्रीय संगीत कलाकारों की रिकार्डिंग को अन्तिम स्वर परीक्षण के लिए संगीत स्वर परीक्षण बोर्ड के समक्ष रखा जाता है, जोकि स्थानीय स्वर परीक्षण समिति द्वारा फाइनल स्वर परीक्षण के लिए उपयुक्त पाए गए हैं।

**2.1.8.** पश्चिमी संगीत कलाकारों के स्वर परीक्षण के लिए दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास और बम्बई क्षेत्रीय केन्द्रों में पश्चिमी संगीत कलाकारों संबंधी स्वर परीक्षण समितियां कार्य कर रही हैं। पणजी में भी पश्चिमी संगीत कलाकारों के लिए एक स्वर परीक्षण समिति का गठन किया गया है।

**2.1.9.** लोक संगीत कलाकारों का, केन्द्रों की लोक संगीत कलाकारों के लिए विभागीय स्वर परीक्षण समिति द्वारा स्वर परीक्षण किया जाता है। केन्द्रों में आदिवासी संगीत कलाकारों/पार्टियों के स्वर परीक्षण के लिए भी विभागीय समितियां हैं।

**2.1.10.** ये सभी स्वर परीक्षण निकाय संगीत कलाकारों के निष्पादन गुणों का जायजा लेने के पश्चात समय-समय पर प्रत्येक श्रेणी के लिए लागू नियमों के अनुसार प्रसारण प्रयोजनों के लिए कलाकारों का अनुमोदन करते हैं तथा उन्हें ग्रेड देते हैं।

**2.1.11.** नाटक कलाकारों का स्वर परीक्षण करने और उन्हें ग्रेड देने का कार्य प्रत्येक केन्द्र पर स्थापित की गई विभागीय स्वर परीक्षण समिति द्वारा किया जाता है।

### 2.1.12. उच्चरित शब्द

सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मामलों पर सभी वर्गों की विचारधारा संबंधी फोरम मुहैय्या कराने के लिए नियमित रूप से वार्ताएं, चर्चाएं और साक्षात्कार प्रसारित किए जाते हैं। कुछ कार्यक्रमों को अनेकों केन्द्रों से रिले किया जाता है परन्तु पर्याप्त मात्रा में, अधिकांश केन्द्रों द्वारा इसे अपनी क्षेत्रीय भाषा में ही प्रसारित किया जाता है। आकाशवाणी ने 1977 में राज्य विधान सभाओं के चुनाव से पूर्व राजनैतिक दलों द्वारा प्रसारण का कार्यक्रम शुरू किया है। प्रत्येक राज्योंवार की विधान सभाओं और संसद के चुनावों से पूर्व नियमित प्रसारण के अवसर नहीं दिए जाते हैं।

### 2.1.13. न्यूज कास्ट्स

समाचार, बुलेटिन, न्यूजरील तथा कमेन्ट्री और सामयिक महत्व के विषयों पर चर्चा, समाचार सेवा प्रभाग के उत्तरदायित्व में आते हैं। समाचार सेवा प्रभाग द्वारा भारतीय और विदेशी सेवा के अन्तर्गत प्रतिदिन 250 से अधिक विभिन्न भारतीय और विदेशी भाषाओं में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं। निदेशक, प्रसार सेवा इस प्रभाग का अध्यक्ष होता है। यह एक केन्द्रीयकृत सेवा है और विश्व के बृहत्तर रेडियो समाचार संगठनों में से एक है। देश और विदेश दोनों सेवाओं के लिए बुलेटिन को सर्वप्रथम समाचार कक्ष में अंग्रेजी में तैयार किया जाता है तत्पश्चात् हिन्दी को छोड़कर विभिन्न भाषाओं में उनका अनुवाद किया जाता है। हिन्दी के मामले में पर्याप्त संख्या में समाचार बुलेटिन हिन्दी में ही तैयार किए जाते हैं। समाचार के महत्व के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में अलग-अलग किस्म के बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं।

## 2.1.6. Auditioning Bodies for Music and Drama Artists :

The Music Audition Board is the final auditioning body for approving and grading Classical and Light Classical Music Artists and for upgrading of Light Music Artists both for Hindustani and Karnatak Music. Its Headquarters is at the Directorate General, All India Radio, New Delhi and functions in two panels — a Northern Panel for Hindustani Music Artists and a Southern Panel for Karnatak Music Artists.

**2.1.7.** The local Audition Committees functioning at AIR Stations are final auditioning bodies in respect of those Light Music Artists who are recommended by L.A.C. or themselves appear for a higher grade are placed before the Music Audition Board for final audition. These committees are also preliminary screening bodies for Classical/Light Classical Music Artists. The recordings of the Classical and Light Classical Music Artists who are found suitable by the L.A.C. for final audition by the Music Audition Board are placed before the Music Audition Board for final audition.

**2.1.8.** For the audition of Western Music Artists, the zonal Audition Committees for Western Music Artists, function at the zonal stations of Delhi, Calcutta, Madras and Bombay. An Audition Committee for Western Music Artists has also been constituted at Panaji.

**2.1.9.** Folk Music Artists are auditioned by the Departmental Committee for Auditioning of Folk Music Artists at the stations. There are also Departmental Committees for auditioning tribal music artists/parties at the stations.

**2.1.10.** All these auditioning bodies assess the performance quality of music artists and approve and grade them for broadcast purposes, in accordance with the rules relating to each category of music artists, from time to time.

**2.1.11.** Drama Artists are auditioned and graded by Departmental Auditioning Committees set up at each station.

## 2.1.12. Spoken Word :

Talks, discussions, interviews are regularly arranged to provide a forum for all shades of opinion on outstanding national and inter-national issues. While some of the Programmes are arranged for being relayed by a number of stations, a much larger number of stations, a much larger number are presented by individual stations in their respective languages. AIR introduced in 1977 the broadcasts by political parties before election to State Assemblies. Such broadcasts before every election to Assemblies and Parliament have now become a regular feature.

### 2.1.13. Newscasts :

News Bulletins, newsreels and commentaries and discussions on subject of topical interest are the responsibility of the News Services Division. Its daily output consists of more than 250 news bulletins for home and external services in different Indian and Foreign languages. The Director of News Services is the Head of the Division. It is a centralised service and is one of the largest radio news organisations in the world. The bulletins both for the Home and External Services, are compiled first in the news room in English and translated afterwards into different languages except in the case of Hindi where a substantial number of bulletins is prepared in Hindi. The bulletins vary from region to region according to news interest.

**2.1.14.** इसके अतिरिक्त आकाशवाणी केन्द्रों से मुख्य भाषा और कुछ केन्द्रों से आदिवासी बोलियों में दोनों में क्षेत्रीय समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं। समूचे देश में और विदेश के कुछ महत्वपूर्ण देशों में समाचार सेवा का एक दल होता है। संसदीय कार्यवाही की समीक्षा के अतिरिक्त राज्यों की विधान सभाओं और विधान परिषदों की कार्यवाही की समीक्षा करना तथा "राज्यों की चिट्ठी" और "जिला मुख्यालय की चिट्ठी" नामक कार्यक्रमों को प्रसारित करने का उत्तरदायित्व समाचार सेवा प्रभाग का है।

### 2.1.15. महिला और बाल कार्यक्रम

महिलाओं के लिए आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं। ये कार्यक्रम कामकाजी और कार्यरत महिलाओं पर आधारित होते हैं। अधिकांश कार्यक्रम सूचनाप्रद और शैक्षिक अनुदेशन प्रकृति के होने के साथ-साथ मनोरंजन भी प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, घरेलू समस्याओं, पोषाहार और कार्यरत महिलाओं की समस्याओं संबंधी कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं। ये कार्यक्रम हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं के अतिरिक्त स्थानीय बोलियों, यदि ऐसा करना वहां की जनसंख्या की बेहतरी के लिए आवश्यक समझा जाए, में भी प्रसारित किए जाते हैं। महिला श्रोता क्लब और उनके कार्यकलापों को भी महिलाओं के कार्यक्रमों में स्थान दिया जाता है।

**2.1.16.** आकाशवाणी का बाल कार्यक्रम अत्यधिक मनोरंजक कार्यक्रमों में से एक है। बच्चे बड़े ध्यानपूर्वक इसे सुनते हैं। दर्जनों बच्चे इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे अधिक रुचिकर और लोकप्रिय बनाते हैं। प्राथमिक दृष्टि से यह कार्यक्रम शैक्षिक और मनोरंजन का स्रोत माना जाता है। इससे बच्चों में सामान्य ज्ञान के विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में भी सहायता मिलती है। नन्हे मुन्ने बच्चों तथा 14 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बाल कार्यक्रम प्रसारित किया जाता है। ये कार्यक्रम इस अर्थ में एक निवेश है कि इससे आकाशवाणी के युवाओं के लिए कार्यक्रम के लिए फीडर लाइन के रूप में युवा श्रोता और सहभागी तैयार किए जाते हैं। इस बात पर ध्यान रखा जाता है कि सभी कार्यक्रम बाल बोधगम्य स्तर तक तैयार और प्रस्तुत किए जाते हैं। देश के प्रत्येक कोने में सामूहिक श्रवण के लिए बच्चों द्वारा श्रोता क्लब बनाए गए हैं। वास्तव में आकाशवाणी द्वारा दिए गए प्रोत्साहन और प्रचार की वजह से युवाओं में श्रोता क्लब बनाना एक लोकप्रिय साहस के रूप में उभर कर सामने आया है।

### 2.1.17. ग्रामीण और कृषि कार्यक्रम

कृषि और ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को शैक्षिक और सूचनाप्रद समर्थन मुहैय्या कराने के लिए आकाशवाणी के अधिकांश केन्द्रों द्वारा विभिन्न भाषाओं तथा स्थानीय बोलियों में ग्रामीण श्रोताओं के लिए कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं। हाल के वर्षों में ग्रामीण प्रसारण के ढांचे और क्षेत्र में पर्याप्त परिवर्तन आया है। 1966 के वर्ष में कृषि मंत्रालय के परामर्श से आकाशवाणी के कुछ चुने हुए केन्द्रों में कृषि एवं गृह एकांश स्थापित किए गए हैं जिनका उद्देश्य कृषि मौसम संबंधी परिस्थितियों के अनुसार छोटे-छोटे खेतों वाले किसानों को संगत, सामयिक और समस्या के अनुकूल तकनीकी सूचना प्रदान करना है और इससे देश में कृषि प्रसारण का नया युग प्रारम्भ हुआ है।

**2.1.18.** बाद के वर्षों में और अधिक एकांश स्थापित किए गए और वर्तमान में 71 कृषि एवं गृह एकांश कार्य कर रहे हैं जोकि विशेषतः कृषि और ग्रामीण विकास प्रसारण सेवा मुहैय्या करा रहे हैं। आकाशवाणी के सभी केन्द्रों में कृषि एवं गृह एकांश स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

### 2.1.19. खेलकूद कार्यक्रम

खेल की लोकप्रियता, श्रोताओं की रुचि, मैच का स्तर, तकनीकी सम्भाव्यता और अन्य कार्यक्रमों की वचनबद्धता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के खेलों का देश और विदेश में बारी-बारी से अंग्रेजी और हिन्दी में कमेन्ट्री द्वारा सीधा प्रसारण किया जाता है। प्रचलित प्रथा के अनुसार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों का सीधा प्रसारण राष्ट्रीय हुक-अप पर किया जाता है। उपरोक्त वर्णित कारणों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय अथवा क्षेत्रीय हुक-अप पर भी राज्य स्तरीय खेलों को कवर किया जाता है। क्षेत्रीय केन्द्र भी श्रोताओं की रुचि और मांग को ध्यान में रखते हुए अपने क्षेत्र की भाषा में कमेन्ट्री का प्रसारण करते हैं।

**2.1.20.** खेल कार्यक्रमों, विषय की गहराई और परिप्रेक्ष्य पर आधारित, को राष्ट्रीय हुक-अप हिन्दी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाता है। अनेकों आकाशवाणी केन्द्र खेल-पत्रिका, सारांश, न्यूजरील, वायस कास्टस आदि जैसे खेल कार्यक्रम प्रसारित करते हैं। खो-खो, कबड्डी, अटिया-पटिया, मलखंब आदि जैसे स्वदेशी खेलों के कवरेज को भी यथोचित महत्व प्रदान किया जाता है।

**2.1.14.** Besides, Regional news bulletins are broadcast from AIR Stations both in the main languages and in a few tribal dialects. The News Services Division maintains a team of correspondents throughout the country and a few in important places abroad. Reviews of the proceedings of Parliament as well as the Legislative bodies in individual States are also the responsibility of the News Services Division, in addition to "Newsletter from States" and "District Newsletters" from stations.

### 2.1.15. Programmes for Women & Children :

Special programmes for Women are broadcast from all stations of AIR. These programmes are focussed to housewives and working women. Though, mostly programmes impart information and instructions of educative nature, these also provide entertainment. Programmes on health, family welfare, household chores, nutrition and problem of working women are broadcast. The programmes are done in Hindi and regional languages and local dialects also whatever it becomes necessary for better listening. Listeners' Club of women and their activities also feature in the women's programme.

**2.1.16.** Children's programmes of AIR are one of the most interesting programmes. Children very keenly listen to these. The live participation of dozens of children make it more interesting and popular. Primarily, meant to be a source of education and entertainment, it helps them to develop varied interests in general knowledge. The Children Programme is broadcast for Tiny Tots, and children upto the age of 14 to 16 years of age. These broadcasts are an investment in the sense that it prepares young listeners and participants as the feeder line for Youth Programmes of AIR. Care is taken to plan and present all programmes at the level of Children's comprehension. Children form their listening clubs for collective listening throughout the length and breadth of the country. In fact, encouragement and publicity given by AIR has made the formation of listening clubs a popular adventure for the young.

### 2.1.17. Rural & Farm Programmes :

Programmes for rural listeners are broadcast from almost all AIR Stations in different languages and in local dialects to provide educational and informational support to agriculture and rural development programmes. In recent years, the structure and the scope of rural broadcasting has undergone considerable change. In the year 1966, in consultation with the Ministry of Agriculture, AIR Set-up Farm and Home Units at selected AIR Stations to provide relevant timely and problem-oriented technical information to the farmers of a small honogenious area with similarity of agro-climatic conditions which marked the beginning of a new era of farm broadcasting in the country.

**2.1.18.** More Units were set-up in subsequent years and at present, there are 71 Farm and Home Units in the country providing a specialised farm and rural development broadcasting service. There is a proposal to establish Farm and Home Units at all AIR Stations.

### 2.1.19. Sports Programmes :

Direct running commentaries are broadcast by AIR alternately in English and Hindi on the events of national and international importance at Home and from abroad, keeping in view the popularity of the game, listener's interest, status of tournament, technical feasibility and other programme commitments. As a matter of practice, live coverage of national and international events is done on the national hook up. State level events are covered on local or regional basis hook up, keeping in view the factors mentioned above. Regional stations also broadcast commentary in the language of their area keeping in view the listeners interest and demand.

**2.1.20.** Sports programmes, going into the depth and perspective of the subject, are also put out in Hindi and English on the national hookup. Many AIR Stations also put out their own sports programmes such as sports Magazines, resumes, newsreels, voice-casts, etc. Due importance is given to the coverages of indigenous games such as Kho-Kho, Kabadi, Atia-Patia, Malkhamb, etc.

**2.1.21.** नियमित केन्द्रीय और क्षेत्रीय समाचार बुलेटिनों में खेल सम्बन्धी समाचारों को भी सम्मिलित किया जाता है।

**2.1.22.** खेल सम्बन्धी कवरेज के बारे में महानिदेशक को सलाह देने के लिए एक खेल कार्यक्रम परामर्शदात्री समिति है।

**2.1.23.** जांच समितियों द्वारा कमेंटेटरों के पैनल का चयन किया जाता है। इस पैनल में ख्याति प्राप्त भूतपूर्व खिलाड़ियों और खेल-कूद सम्बन्धी ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों को शामिल किया जाता है।

**2.1.24.** आकाशवाणी महानिदेशालय में खेल कक्ष कार्यरत है। आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों में भी खेल कक्ष कार्यरत हैं।

**2.1.25. रूपक**

रेडियो रूपक अथवा रेडियो वृत्तचित्र ध्वनि प्रसारण का अति महत्वपूर्ण एवं अभिन्न हिस्सा है, जिसके द्वारा एक ही कार्यक्रम के द्वारा श्रवण प्रयास के समूचे रेंज इसमें सीधी बातचीत, साक्षात्कार, कविता, नाटक, संगीत और ध्वनि प्रभावों का इस्तेमाल किया जाता है। शब्द चित्रण, चरित्र चित्रण और घटनाओं तथा विधिसार द्वारा क्षेत्रीय, राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के किसी भी विषय/निष्कर्ष को प्रस्तुत किया जा सकता है। आर्थिक सामाजिक विकास पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए इनका व्यापक रूप से इस्तेमाल किया गया है।

**2.1.26.** आकाशवाणी में 1956 में रूपक का राष्ट्रीय कार्यक्रम (हिन्दी तथा अंग्रेजी) चालू किया गया और तब से प्रत्येक मास राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाता है।

**2.1.27. सामुदायिक गायन**

राष्ट्रीय एकता के संवर्धन के उद्देश्य से यह निर्णय किया गया था कि सामुदायिक गायन का व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया जाए। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (नव शिक्षा), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् तथा विभिन्न राज्यों के शिक्षा मंत्रालयों/विभागों सभी मिलकर सामुदायिक गायन अभियान को लोकप्रिय बनाने में अग्रसर हैं और इस प्रकार से राष्ट्रीय एकता में अभिवृद्धि कर रहे हैं।

**2.1.28.** आकाशवाणी महानिदेशालय में एक सामुदायिक गायन कक्ष स्थापित किया गया है। कक्ष को निम्नलिखित कार्य सौंपे गए हैं :—

(i) सामुदायिक गायन अभियान के सम्बन्ध में जनता/युवाओं/बच्चों में जागृति पैदा करना।

(ii) रेडियो पर समूचे भारत में सामुदायिक गायन अभियान के लिए किए गए क्रियाकलापों को कवरेज प्रदान करना तथा संगत मंत्रालय को रिपोर्ट भेजना।

(iii) सामुदायिक गायन अभियान के गीतों के आलेखों का चयन करना।

(iv) क्षेत्रीय कम्पोसरों/केन्द्र/अन्य कम्पोसरों की मदद से सामुदायिक गायन अभियान के लिए गानों की रिकार्डिंग करवाना।

(v) अखिल भारतीय प्रसारण के लिए रिकार्डिंग के पश्चात् गानों का चयन (बाहय संगीतज्ञों/कम्पोसरों की मदद से)।

(vi) इस प्रकार से चुने गए गानों के लिए संगीत पाठों की रिकार्डिंग।

(vii) गानों के नोटेशन्स तैयार करवाना तथा उन्हें केन्द्रों/शिक्षा विभागों/राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्/मानव संसाधन विकास मंत्रालय को मुद्रित करने के लिए सप्लाई करना।

(viii) आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों और विविध भारती सेवा से प्रसारण के लिए सामुदायिक गायन अभियान की अनुसूची बनाना।

(ix) आकाशवाणी के सभी केन्द्रों को सामुदायिक गायन अभियान संगीत/पाठों को परिचालित करना।

**2.1.21.** News about sports are included in regular central and regional news bulletins. News Services Division also puts out a weekly Sports Newsreel.

**2.1.22.** There is a Sports Programme Advisory Committee to advise Director General regarding sports coverage.

**2.1.23.** Panels of commentators are selected by screening committees whose members include former players of repute and knowledgeable sports personalities.

**2.1.24.** There is a sports cell in the Directorate General of All India Radio. There are sports cells at various stations also.

## 2.1.25. Features :

Radio Features or Radio Documentaries are the most complete form of sound broadcasting, as they can employ the entire range of audio effects in a single programme — such as straight narration, interviews, poetry, drama, music and sound effects. The portray characters and events and institutions and can project any subject/theme of regional, national or international importance. They have been used extensively to focus attention on socio-economic development.

**2.1.26.** The National Programme of Features (Hindi and English) was introduced in AIR in 1956 and is broadcast every month on the national network.

**2.1.27. Community Singing:**

With a view to promote National Integration, it was decided that the format of Community Singing should be used very widely. Ministry of I&B, Ministry of Human Resources (Education-then) along with National Council of Education Research and Training and Education Ministry/Departments of different States have joined hands to popularise Community Singing movement and thus promote National Integration.

**21.1.28.** A Community Singing Cell has been set up in the Directorate General and the work entrusted to the cell is as follows:-

i) Creating awareness among the masses/youth/children regarding community singing movement.

ii) Getting the coverage done of all the Community singing movement activities all over India or Radio and sending reports to the Ministry.

iii) Selection of Lyrics for Community Singing Movement Songs.

iv) Getting the songs recorded for Community Singing movement with the help of regional composers/station other composers.

v) Selections of songs (with the help of the outside Musicians/Composers) after recording, for All India Broadcasts.

vi) Recording of music lessons for the songs thus selected.

vii) Getting the Notions prepared of the songs and supplying them to Stations/Education Departments/NCERT Ministry of Human Resources for getting them printed.

viii) Scheduling of Community Singing Movement songs for broadcast from different stations of AIR and Vividh Bharati Services.

ix) Circulation of Community Singing movement songs/lessons to all the stations of All India Radio.

(x) दूरदर्शन को सामुदायिक गायन अभियान संगीत सप्लाई करना।

(xi) सामुदायिक गायन अभियान में विभिन्न भाषाओं और विभिन्न क्षेत्रों से संगीतों को शामिल करने के लिए जनता/संगीतज्ञों/समाचार पत्रों/आकाशवाणी के केन्द्रों से सुझाव मंगाना।

(xii) उपरोक्त वर्णित सभी कार्यों के सम्बन्ध में पत्राचार तथा अन्य संगत प्रशासनिक कार्य करना।

**2.1.29. अन्य कार्यक्रम**

आकाशवाणी केन्द्रों द्वारा नाटक, रूपक, वृत्तचित्र, औद्योगिक कर्मकारों से सम्बन्धी कार्यक्रम, सशस्त्र सेनाओं सम्बन्धी, आदिवासी क्षेत्रों, शैक्षणिक प्रसारण सम्बन्धी तथा युवा सम्बन्धी कार्यक्रम जैसे – विभिन्न कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं। आकाशवाणी के बाह्य प्रसारण क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय जीवन, साहित्यिक सम्मेलन, वैज्ञानिक सेमिनार, राष्ट्रीय उत्सव और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, ग्रामीण मेले, उत्सव और खेल सम्बन्धी हर प्रकार का प्रसार किया जाता है।

**2.1.30. विविध भारती**

विविध भारती, जो कि अपने आपमें पूर्ण लोकप्रिय मनोरंजन सेवा है, में सुगम संगीत और फिल्मी संगीत, हास्य स्किट, लघु नाटक और वार्ताएं शामिल हैं। ये कार्यक्रम अनेकों शहरों में स्थित दो उच्च शक्ति वाले शार्टवेव ट्रांसमीटरों तथा 29 मीडियम वेव ट्रांसमीटरों की सहायता से प्रसारित किए जाते हैं। सप्ताह के दिनों में प्रसारण की अवधि 12 घण्टे और 45 मिनट प्रतिदिन है तथा रविवार और छुट्टी वाले दिनों में 13 घंटे और 15 मिनट है।

**2.1.31.** कानपुर, चंडीगढ़ तथा बड़ोदरा में क्रमशः तीन विविध भारती केन्द्र कार्यरत हैं। ये केन्द्र मुख्य रूप से विविध भारती कार्यक्रमों को ही प्रसारित करते हैं। इसके अतिरिक्त 26 रेडियो स्टेशनों पर भी अलग से चैनल उपलब्ध है।

**2.1.32.** प्रत्येक केन्द्र में कम शक्ति वाला मीडियम वेव ट्रांसमीटर लगा हुआ है जो कि विविध भारती सेवा, बम्बई द्वारा वितरित पूर्व रिकार्डिंग टेपों का इस्तेमाल करके विविध भारतीय कार्यक्रमों को प्रसारित करते हैं।

**2.1.33. विज्ञापन प्रसारण सेवा**

आकाशवाणी ने 1 नवम्बर, 1967 को, जब विज्ञापन सेवा के बम्बई केन्द्र का उद्घाटन किया गया था, बहुत ही सीमित तरीके से विज्ञापन प्रसारण कार्यक्रम प्रारम्भ किया। इस परियोजना के अधीन बम्बई, पुणे और नागपुर स्थित कम शक्ति वाले मीडियम वेव विविध भारती ट्रांसमीटरों से एक साथ विज्ञापनों का प्रसारण किया जाना प्रारम्भ हुआ, जिसकी अवधि कुल विविध भारती प्रसारण अवधि का लगभग 10 प्रतिशत अर्थात् 75 मिनट प्रतिदिन था। तत्पश्चात् निम्नलिखित केन्द्रों से उनके सामने दी गई तारीखों से यह सेवा प्रारम्भ की गई है :–

| क्रम सं० | केन्द्र का नाम | प्रारम्भ होने की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | कलकत्ता | 15.10.1968 |
| 2. | दिल्ली | 1.4.69 |
| 3. | मद्रास-तिरूची | 13.4.69 |
| 4. | चंडीगढ़ | 4.10.70 |
| 5. | जालंधर | 4.10.70 |
| 6. | बंगलौर और धारवाड़ | 18.10.70 |
| 7. | अहमदाबाद और राजकोट | 29.11.70 |
| 8. | कानपुर और लखनऊ | 27.12.70 |
| 9. | इलाहाबाद | 27.12.70 |
| 10. | हैदराबाद और विजयवाड़ा | 21.3.71 |

x) Supply of Community Singing movement songs to TV.

xi) To obtain suggestions from Public/Musicians/Press/AIR Stations for inclusion of songs in different languages and from different regions in the Community singing movement.

xii) Doing correspondence and other related administrative work in respect of all the above items of work.

**2.1.29. Other Programmes :**

AIR Stations also broadcast various programmes, viz. plays, features, documentaries, programmes for Industrial Workers, for the Armed Forces, for tribal areas, educational and Youth programmes. The scope of AIR's outside broadcasts ranges over the entire field of national life-literary symposia, scientific seminars, national festivals and international conferences, village fairs, festivals and sports.

**2.1.30. Vividh Bharati:**

Vividh Bharati, a self-contained service of popular entertainment, consists of light, folk and film music, humorous skits, playlets, features and talks and is broadcast over two powerful shortwave transmitters and 29 medium wave transmitters located in a number of cities. The services is broadcast for a duration of 12 hours and 45 minutes on weekdays and 13 hours and 15 minutes on Sundays and Holidays.

**2.1.31.** There are three Vividh Bharati Centres at Kanpur, Chandigarh and Vadodara respectively. These centres radiate primarily the Vividh Bharati Programmes. In addition, separate channels are also available at 26 Radio Stations.

**2.1.32.** Each centre is equipped with a low-power medium wave transmitter which broadcasts Vividh Bharati programmes using pre-recorded tapes distributed by the Vividh Bharati Service, Bombay.

**2.1.33. Commercial Broadcasting Service :**

AIR started commercial broadcasting in a very limited way on the 1st of November, 1967 when the Bombay Centre of Commercial Service was inaugurated. Under this project, advertisements were broadcast simultaneously from the low-power medium-wave Vividh Bharati Transmitters at Bombay, Pune and Nagpur for about 10% of the total Vividh Bharati Transmission period i.e. 75 minutes per day. Since then, the service has been extended to the following stations with effect from the dates indicated against each:-

| Sl.No. | Name of the Station | Date of Commencement |
|---|---|---|
| 1. | Calcutta | 15.10.1968 |
| 2. | Delhi | 1.4.1969 |
| 3. | Madras-Tiruchi | 13.4.1969 |
| 4. | Chandigarh | 4.10.1970 |
| 5. | Jalandhar | 4.10.1970 |
| 6. | Bangalore & Dharwar | 18.10.1970 |
| 7. | Ahmedabad and Rajkot | 29.11.1970 |
| 8. | Kanpur and Lucknow | 27.12.1970 |
| 9. | Allahabad | 27.12.1970 |
| 10. | Hyderabad and Vijayawada | 21.3.1971 |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | भोपाल, इन्दौर, जयपुर, जोधपुर, पटना, रांची, कटक और त्रिवेन्द्रम | 1.5.75 |
| 12. | श्रीनगर | 1.7.75 |
| 13. | कालीकट | 2.11.75 |
| 14. | बड़ोदरा | 29.5.83 |

**2.1.34.** विक्रय समय के उद्देश्य से विज्ञापन प्रसारण सेवा केन्द्रों को 1981 में 15 मुख्य तथा 14 सम्बद्ध केन्द्रों में बांट दिया गया।

**2.1.35.** विज्ञापन प्रसारण से सम्बन्धित कार्य दो स्कंधों अर्थात् विक्रय स्कन्ध और प्रस्तुतीकरण स्कन्ध द्वारा किया जाता है। बिक्री कार्य को देखने के लिए 1.10.1968 से एक अलग स्वतन्त्र कार्यालय का सृजन किया गया है, जिसे केन्द्रीय विक्रय एकांश का नाम दिया गया है। विक्रय निदेशक इस एकांश का प्रमुख होता है और एकांश का मुख्यालय बम्बई में है।

### 2.1.36. प्राइमरी चैनल – चरण-I

प्राइमरी चैनल चरण-I पर विज्ञापन (राष्ट्रीय हुकअप) कार्यक्रम 1.4.1982 से प्रारम्भ किए गए थे तथा सुबह और सायं हिन्दी के राष्ट्रीय समाचार बुलेटिन से पहले तथा अंग्रेजी के राष्ट्रीय समाचार बुलेटिन के पश्चात् एक मिनट की अवधि का विज्ञापन प्रसारित किया जाने लगा। समय की बिक्री और बिल बनाने का उत्तरदायित्व विज्ञापन प्रसारण सेवा दिल्ली का है जिसकी देखभाल की ज़िम्मेदारी अन्ततः केन्द्रीय विक्रय एकांश, बम्बई की है।

### 2.1.37. चरण–II

26 जनवरी, 1985 से 55 प्राइमरी चैनलों पर विज्ञापन सेवा शुरू की गई। ग्रामीण कार्यक्रम, महिला कार्यक्रम, फिल्मी संगीत, लोकप्रिय कार्यक्रमों तथा क्षेत्रीय भाषाओं में केन्द्रीय तथा क्षेत्रीय समाचार बुलेटिन से पहले विज्ञापन प्रसारित किए जाते हैं।

**2.1.38.** विज्ञापन की अवधि प्रसारण समय के 5 प्रतिशत और विशिष्ट कार्यक्रम की अवधि के 10 प्रतिशत तक सीमित है। विज्ञापनदाताओं को कार्यक्रम प्रायोजित करवाने की अनुमति है, परन्तु प्रायोजित कार्यक्रम स्वीकृत नहीं किए जाते हैं। प्रसारण के लिए समय के आबंटन में लक्षित श्रोताओं से अधिक संगत विज्ञापनों को प्राथमिकता दी जाती है।

**2.1.39.** विज्ञापन प्रसारण सेवा का मुख्य केन्द्र राज्य के सभी प्राइमरी चैनल केन्द्रों के सम्बन्ध में विज्ञापनों/प्रायोजित कार्यक्रमों की बुकिंग के लिए जिम्मेदार है और मुख्य विज्ञापन प्रसारण सेवा केन्द्र उस राज्य की राजधानी में स्थित होता है। जिन राज्यों में अपना मुख्य विज्ञापन प्रसारण सेवा केन्द्र नहीं होता है वहां का निकटतम विज्ञापन प्रसारण केन्द्र ऐसे प्राइमरी चैनल केन्द्रों से सम्बन्धित कार्य की देखभाल करता है अर्थात् गौहाटी का कार्य विज्ञापन प्रसारण सेवा केन्द्र, कलकत्ता, पांडिचेरी का कार्य विज्ञापन प्रसारण सेवा केन्द्र, मद्रास, रोहतक का कार्य विज्ञापन प्रसारण केन्द्र, दिल्ली तथा शिमला का कार्य विज्ञापन प्रसारण सेवा केन्द्र, चंडीगढ़ द्वारा किया जाता है।

**2.1.40.** दरों के उद्देश्यों से प्राइमरी चैनल केन्द्रों को छः ग्रुपों में बांटा गया है। प्रसारण शक्ति, कितनी जनसंख्या में कार्यक्रम प्रसारित होते हैं तथा अन्य संगत कारणों के आधार पर दरें निर्धारित की जाती हैं।

### 2.1.41. आकाशवाणी और दूरदर्शन विज्ञापन राजस्व अव्ययनीय निधि

आकाशवाणी और दूरदर्शन दोनों संगठनों के प्रसारण कार्यक्रमों में सुधार करने तथा सामर्थ्यकारी बनाने के लिए तथा दोनों संगठनों को पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने 'आकाशवाणी और दूरदर्शन (विज्ञापन सेवा राजस्व) अव्ययनीय निधि'

| | | |
|---|---|---|
| 11. | Bhopal, Indore, Jaipur, Jodhpur, Patna, Ranchi, Cuttack and Trivandrum | 1.5.1975 |
| 12. | Srinagar | 1.7.1975 |
| 13. | Calicut | 2.11.1975 |
| 14. | Vadodara | 29.5.1983 |

**2.1.34.** For the purpose of selling time CBS stations were delinked in 1981 into 15 main and 14 linked stations.

In addition to CSU, the 15 main CBS stations can book in respect of sports and sponsored programmes to any extent in close cooperation with the Central Sales Unit.

**2.1.35** The work relating to Commercial Broadcasting is performed in two wings i.e., Sales and Production. A separate independent office has been created from 1.10.1968 known as the Central Sales Unit for looking after Sales Work. The Director of Sales with headquarters at Bombay is the Head of this Unit.

